# ओडीओपी 2.0 नीति

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ODOP (One District One Product) की एक कार्ययोजना तैयार की है।

- इस योजना को **ब्रांडिंग**, **पैकेजिंग**, **मार्केटिंग** और **गुणवत्ता सुधार** जैसे नए आयामों से जोड़ा जाएगा, जिससे इसकी पहुँच और प्रभावशीलता और भी अधिक बढ़ सके।

## मुख्य बिंदु

- **योजना के बारे में:**
  - ओडीओपी योजना को अब **राज्यव्यापी स्वरोज़गार**, **कौशल विकास**, और **उद्यमिता** के रूप में विस्तारित किया जाएगा ।
  - वर्ष 2025-26 के लिये **विभिन्न श्रेणियों में बजट आवंटन** किया गया है, जिससे योजना का **प्रभावी क्रियान्वयन** सुनिश्चित होगा।
  - **वित्तपोषण**, **कौशल उन्नयन**, और **टूलकिट वितरण** के लिये अलग से योजना तैयार की गई है।
  - **पहले चरण के सफल उद्यमियों** को अब **द्वितीय ऋण सुविधा** प्रदान की जाएगी, जिससे उनके व्यवसाय को अगले स्तर पर पहुँचाया जा सकेगा।
  - **हर ज़िले को लक्ष्य** दिया जाएगा और वर्ष **2024-25 में लंबित फाइलों** को नवीनीकरण कर बैंकों को भेजा जाएगा।
  - योजना के अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य का **20% स्वीकृति और वितरण** सुनिश्चित किया जाएगा।
  - **ओडीओपी 2.0** के अंतर्गत वर्तमान योजनाओं का **सरलीकरण** किया जाएगा और **नई परियोजनाओं को मंजूरी** दी जाएगी।
  - **उन्नाव, बिजनौर और गोंडा** में निर्माणाधीन सीएफसी (Common Facility Center) परियोजनाओं का संचालन किया जाएगा।
  - **डिजिटल ई-पोर्टल** के माध्यम से **प्रशिक्षणार्थियों का चयन** किया जाएगा और उन्हें **मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों** से जोड़ा जाएगा।
  - **सेक्टोरल विशेषज्ञों** की मदद से ओडीओपी उत्पादों को **राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान** दिलाने का प्रयास किया जाएगा।
- **एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP)**
  - यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी **75 ज़िलों** में लागू किया गया है और इसे न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना प्राप्त हुई है।
  - उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा **जनवरी 2018** में इस मिशन का शुभारंभ किया गया था।

| **उत्तर प्रदेश में ODOP उत्पादों की सूची** | | |
|---|---|---|
| **क्रमांक** | **ज़िला** | **उत्पाद** |
| 1. | आगरा | चमड़ा उत्पाद एवं स्टोन/मार्बल से निर्मित सभी हस्तशिल्प उत्पाद |
| 2. | अमरोहा | वाद्य यंत्र (ढोलक) एवं रेडीमेड गारमेंट्स |
| 3. | बागपत | होम फर्नीशिंग |
| 4. | बरेली | ज़री-ज़रदोज़ी एवं बाँस के उत्पाद/सुनारी उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | गोरखपुर | टेराकोटा एवं रेडीमेड गार्मेंट्स |
| 6. | लखनऊ | चकिनकारी एवं ज़री ज़रदोज़ी |
| 7. | महोबा | गौरा पत्थर |
| 8. | मरि्ज़ापुर | कालीन एवं मेटल उद्योग |
| 9. | सदि्धार्थनगर | काला नमक चावल |
| 10. | वाराणसी | बनारसी रेशम साड़ी |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/odop-2-0-policy